भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला
(भारत सरकार, अंतरिक्ष विभाग की यूनिट)
नवरंगपुरा, अहमदाबाद-380009, (गुजरात) भारत
ई-मेल : recruit@prl.res.in वेब : www.prl.res.in

वि. सं. 01/2020 **दिनांक: 02/02/2020**

वॉक-इन कौशल परीक्षा

प्रमुख वैज्ञानिक और अनुसंधान संस्थान पी.आर.एल. में युवा, उद्यमी और ऊर्जावान प्रत्याशियों हेतु **एक वर्ष** के लिए कौशल विकास के रूप में निम्नानुसार कार्यक्रम की घोषणा की जाती है:

क्रमांक	प्रशिक्षुता	वांछित प्रशिक्षु	शैक्षिक योग्यता	प्रशिक्षण का क्षेत्र	समेकित स्टाइपेंड
1	मशीनिस्ट	3	आईटीआई (संबंधित ट्रेड में प्रथम श्रेणी) 1-2 साल का अनुभव वांछनीय	पीआरएल कार्यशाला/सीएमजी में संबंधित ट्रेड में की जाने वाली निर्माण/रखरखाव गतिविधियां	रु. 12,000 प्रति माह
2	टर्नर	3			
3	फिटर	1			
4	वेल्डर	1			
5	कारपेन्टर	1			
6	इलेक्ट्रीशियन	2			
7	प्लम्बर	1			
8	ए.सी. मैकेनिक	2			
9	इलेक्ट्रॉनिक्स	1			

<u>उपरोक्त प्रशिक्षुता के लिए आयु सीमा</u>

दिनांक 31/01/2020 को न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 26 वर्ष, भारत सरकार के नियमानुसार छूट दी जाएगी।

दिनांक 07/02/2020 को वॉक-इन कौशल परीक्षा होगी ।

इच्छुक उम्मीदवार भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला, नवरंगपुरा, अहमदाबाद के मुख्य द्वार पर रिपोर्ट करें और सुबह 09:30 से 11:30 बजे के बीच पंजीकरण करवा लें। सुबह 11:30 बजे के बाद पहुंचने वाले उम्मीदवारों को तात्कालिक कौशल परीक्षा (वॉक-इन-कौशल परीक्षा) में भाग नहीं लेने दिया जाएगा। उम्मीदवारों की पात्रता की सरसरी तौर पर जांच की जाएगी और उसके बाद ही पात्र उम्मीदवारों को कौशल परीक्षा में भाग लेने दिया जाएगा।

तात्कालिक कौशल परीक्षा (वॉक-इन- कौशल परीक्षा) में भाग लेने वाले इच्छुक सभी उम्मीदवारों को हमारी वेबसाइट www.prl.res.in (→Opportunities→Job vacancies) से संबंधित प्रशिक्षु का आवेदन प्रपत्र डाउनलोड करना होगा। आवेदन प्रारूप में उल्लेखित आवश्यक दस्तावेजों की स्वयं सत्यापित प्रतियों के साथ विधिवत भरे हुए आवेदन प्रपत्र को जांच के लिए प्रस्तुत करना होगा। निर्धारित जगह पर फोटो चिपकायें।

जन्म तिथि, शैक्षणिक योग्यता, अनुभव (यदि हो), जाति या आवेदन प्रपत्र में दिए किसी भी अन्य जानकारी से संबंधित सभी मूल प्रमाण पत्र लाने होंगे और जांच के लिए प्रस्तुत करने होंगे।

उपरोक्तानुसार आवेदन प्रारूप/मूल प्रमाण पत्र/दस्तावेजों की प्रतियां, अंक शीट/विज्ञापित मानदंडों को पूरा नहीं करने वाले उपस्थित उम्मीदवारों को सरसरी तौर पर खारिज कर दिया जाएगा। पी.आर.एल. द्वारा लिया गया निर्णय उम्मीदवारों पर अंतिम और बाध्यकारी होगा।

उम्मीदवार ध्यान दें कि उपरोक्त पद पूरी तरह से अस्थायी है और उम्मीदवारों को प्रयोगशाला में स्थायी करने की कोई संभावना नहीं है। उम्मीदवारों को पी.आर.एल. के नियमित कर्मचारियों के बराबर नहीं माना जाएगा और उन्हें समाविष्ट करने या नियमित करने के लिए अंतर्निहित या स्पष्ट दावे का कोई अधिकार नहीं होगा।

अपूर्ण आवेदन को अस्वीकार कर दिया जाएगा। कोई अंतरिम पत्राचार नहीं किया जाएगा। जो उम्मीदवार पी.आर.एल. में पहले से प्रशिक्षु रहे हैं/या अभी प्रशिक्षु हैं, उन्हें इस कौशल परीक्षा (वॉक-इन- कौशल परीक्षा) में भाग नहीं लेने दिया जाएगा।

कौशल परीक्षा के लिए चयनित बाहरी उम्मीदवारों (अहमदाबाद के बाहर) को आवेदन प्रारूप में उल्लेख के अनुसार सबसे छोटे मार्ग द्वारा आने-जाने का रेलवे स्लीपर श्रेणी/साधारण बस किराए के लिए यात्रा भत्ता का भुगतान किया जाएगा। रेलवे/बस के टिकट की प्रतियां प्रस्तुत करने पर ही किराए का भुगतान किया जाएगा।

पीआरएल के पास घोषित कौशल परीक्षा (वॉक-इन- कौशल परीक्षा) को रद्द करने का अधिकार है। सरसरी तौर पर जांचे गए सभी पात्र उम्मीदवारों को कौशल परीक्षा दिनांक 07/02/2020 को पूरे करने के प्रयास किए जाएंगे। हालांकि, किसी भी अप्रत्याशित कारणवश उसी दिन में कौशल परीक्षा पूरा नहीं होने पर, अगले दिन अर्थात 08/02/2020 को उम्मीदवारों को उपस्थित रहना होगा।

कौशल परीक्षा के लिए आने वाले उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे अपने साथ कोई भी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण /मोबाइल /लैपटॉप /सीडी/पेन ड्राइव/कैमरा आदि लेकर नहीं आएं।

रजिस्ट्रार Registrar